भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
विकास आयुक्त का कार्यालय
सीप्ज़ विशेष आर्थिक क्षेत्र
अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400096.

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Commerce & Industry,
Office of the Developement Commissioner,
SEEPZ-Special Economic Zone,
Andheri (E), Mumbai - 400096.

वेबसाइट : www.seepz.gov.in, ई-मेल : dcseepz-mah@nic.in, टेलीफोन : 022-28290856/28294700

F.No. SEEPZ-SEZ/ADMIN-21012(11)/3/2023-ADMIN/CN.21648/11138 Date :-17 .09.2024

## परिपत्र सं./Circular No. 28 /2024

**विषय:- 28 अक्टूबर, 2024 से 03 नवंबर, 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2024 मनाए जाने के संबंध में।**

**Sub :- Observance of Vigilance Awareness Week, 2024 from 28 th October, 2024 to 03rd November, 2024-reg.**

सीवीसी परिपत्र सं. 024/वीजीएल/081-38615 दिनांक 28.08.2024 के अनुसार एसईईपीजेड प्रशासन द्वारा 28 अक्टूबर, 2024 से 03 नवंबर, 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय है "***सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि***"।

The Vigilance Awareness Week is being observed by the SEEPZ Administration during 28th October, 2024 to 03rd November, 2024 as per the CVC Circular no. 024/VGL/081-38615 dated 28.08.2024. The theme of this year's Vigilance Awareness Week is "***Culture of Integrity for Nation's Prosperity***".

इस संबंध में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं:-

In this connection, the following events are being organized the Vigilance Awareness Week :-

| क्र. | गतिविधियों का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | दूसरा तल, सर्विस सेंटर बिल्डिंग, सीप्ज़ में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेना। | 28 अक्टूबर, 2024 | सुबह 11:00 बजे |
| 02 | "Culture of Integrity for Nation's Prosperity" (सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि") के विषय पर प्रश्नोत्तरी , नारे, पेंटिंग और रंगोली आदि पर प्रतियोगिता (हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाएं) | 01 नवंबर, 2024 | दोहपर 03:00 से 04:00 बजे तक। |

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

All the Officers/Staff members are requested to attend the event.

17.08.24

(सी. पी. एस. चौहान)
संयुक्त विकास आयुक्त
सीप्ज़-सेज़

संलग्न :- प्रतिज्ञा की प्रति ।

प्रति,

1. सभी अधिकारी /कर्मचारी /आउटसोर्स कर्मचारी सहित
2. प्रशासन अनुभाग - आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए

अनुबंध – क

## नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

मेरा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है।

मेरा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है।

मेरा मानना है कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए।

अतः, मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि:-

- जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करूँगा;
- ना तो रिश्वत लूँगा और ना ही रिश्वत दूँगा;
- सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करूँगा;
- जनहित में कार्य करूँगा;
- अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करूँगा;
- भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेन्सी को दूँगा।

Annexure- A

## Integrity Pledge for Citizens

I believe that corruption has been one of the major obstacles to economic, political and social progress of our country.

I believe that all stakeholders such as Government, citizens and private sector need to work together to eradicate corruption.

I realize that every citizen should be vigilant and commit to highest standards of honesty and integrity at all times and support the fight against corruption.

I, therefore, pledge:

- To follow probity and rule of law in all walks of life;
- To neither take nor offer bribe;
- To perform all tasks in an honest and transparent manner;
- To act in public interest;
- To lead by example exhibiting integrity in personal behaviour;
- To report any incident of corruption to the appropriate agency

अनुबंध - ख

## संगठनों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

हमारा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है।

हमारा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है।

इस दिशा में स्वयं को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने तथा रक्षोपाय, सत्यनिष्ठा ढांचा तथा नीति-संहिता स्थापित करने के अपने उत्तरदायित्व को हम स्वीकार करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम किसी भी भ्रष्ट आचरण का हिस्सा नहीं हैं तथा भ्रष्टाचार के दृष्टांतों पर हम अत्यधिक सख्ती से कार्रवाई करते हैं।

हम मानते हैं कि भ्रष्टाचार उन्मूलन करने में तथा अपने कार्यों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा सुशासन के उच्चतम मानक बनाए रखने के लिए, एक संगठन होने के नाते हमें सामने से नेतृत्व करना होगा।

अतः हम प्रतिज्ञा करते हैं कि :

- हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे;
- हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगे;
- हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं;
- हम कार्यों के संचालन में संबद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे;
- हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति-संहिता अपनाएंगे;
- हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के ईमानदार निष्पादन के लिए, उनके कार्य से संबद्ध नियमों, विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे;
- हम समस्याओं तथा कपटपूर्ण कार्यकलापों की सूचना देने के लिए समस्या समाधान तथा सूचना प्रदाता तंत्र उपलब्ध कराएंगे;
- हम संबंधित पक्षों तथा समाज के अधिकारों एवं हितों का समग्र रुप से संरक्षण करेंगे।

Annexure- B

## Integrity Pledge for Organizations

We believe that corruption has been one of the major obstacles to economic, political and social progress of our country.

We believe that all stakeholders such as Government, citizens and private sector need to work together to eradicate corruption.

We acknowledge our responsibility to lead by example and the need to put in place safeguards, integrity frameworks and code of ethics to ensure that we are not part of any corrupt practice and we tackle instances of corruption with utmost strictness.

We realize that as an Organization, we need to lead from the front in eradicating corruption and in maintaining highest standards of integrity, transparency and good governance in all aspects of our operations.

We, therefore, pledge that:

- We shall promote ethical business practices and foster a culture of honesty and integrity;
- We shall not offer or accept bribes;
- We commit to good corporate governance based on transparency, accountability and fairness;
- We shall adhere to relevant laws, rules and compliance mechanisms in the conduct of business;
- We shall adopt a code of ethics for all our employees;
- We shall sensitize our employees of laws, regulations, etc. relevant to their work for honest discharge of their duties;
- We shall provide grievance redressal and Whistle Blower mechanism for reporting grievances and fraudulent activities;
- We shall protect the rights and interests of stakeholders and the society at large.